Prepp
Your Personal Exams Guide

**UPSC CSE 2018 MAINS PAPER 6 OCTOBER 07, 2018 GEOGRAPHY OPTIONAL PAPER - I QUESTION PAPER**

# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हुए हैं।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।*

*जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड A
## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "दृश्यभूमि (लैंडस्केप) संरचना, प्रक्रम और अवस्था का एक प्रकार्य होता है ।" कथन की समीक्षा कीजिए ।

"Landscape is a function of structure, process and stage." Critique the statement. *10*

(b) जलीय चक्र में वाष्पन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the role of evaporation in the hydrologic cycle. *10*

(c) समुद्र तल परिवर्तनों के कारणों और परिणामों का वर्णन कीजिए ।

Describe the causes and consequences of sea level changes. *10*

(d) अन्तःस्तरी और असुस्तरी मृदाओं के बीच विभेदन कीजिए । असुस्तरी मृदाओं के अभिलक्षणों और महत्त्व का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

Distinguish between intrazonal and azonal soils. Describe in brief the characteristics and importance of azonal soils. *10*

(e) मुम्बई में बारम्बार होने वाले आप्लावन के प्राकृतिक और मानवजनिक कारणों तथा उसके न्यूनीकरण के उपायों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the natural and anthropogenic causes and mitigation measures of frequent flooding in Mumbai. *10*

**Q2.** (a) मूल्यांकन कीजिए कि कोबर की भू-अभिनतिक थियोरी पर्वत निर्माण प्रक्रम की किस सीमा तक व्याख्या करती है ।

Evaluate how far Kober's geosynclinal theory explains the mountain building process. *20*

(b) जी.टी. ट्रिवार्था द्वारा प्रस्तावित जलवायु वर्गीकरण के आधार एवं रूपरेखा का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the basis and scheme of climatic classification proposed by G.T. Trewartha. *15*

(c) पर्यावरणीय शिक्षा के लक्ष्यों और सिद्धांतों की विवेचना कीजिए । भारत में औपचारिक एवं अनौपचारिक पर्यावरणीय शिक्षा के आधारभूत सरोकारों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the objectives and principles of environmental education. Describe the basic concerns of formal and non-formal environmental education in India. *15*

www.prepp.in

**Q3.** (a) भारतीय मानसून की उत्पत्ति, प्रगति एवं वापसी की व्याख्या कीजिए और भारत की अर्थव्यवस्था पर उसके प्रभाव की विवेचना कीजिए ।

Explain the origin, progress and retreat of the Indian monsoon and discuss its impact on the Indian economy. *20*

(b) "हिमालय प्रदेश में भू-आकृतिकीय परिवर्तन पर्यावरणीय आपदाओं के लिए अधिकांशतः उत्तरदायी हैं ।" प्रासंगिक उदाहरणों के साथ टिप्पणी कीजिए ।

"Geomorphological changes are largely responsible for environmental hazards in the Himalayan region." Comment with relevant examples. *15*

(c) "जनसंख्या संवृद्धि नियन्त्रण पर्यावरणीय समस्याओं का दीर्घोपयोगी (सस्टेनेबल) समाधान है ।" उपयुक्त तर्कों के साथ, अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

"Controlling population growth is the sustainable solution to environmental problems." Express your views with suitable arguments. *15*

**Q4.** (a) संभाव्य समुद्री ऊर्जा संसाधनों का, उनके लाभों, संग्रहणीयता और पर्यावरणीय प्रभावों के उल्लेख के साथ, वर्णन कीजिए ।

Describe the potential marine energy resources with reference to their benefits, harvestibility and environmental impacts. *20*

(b) पर्यावरणीय प्रबन्धन के पारिस्थितिकी तंत्र उपागम को स्पष्ट कीजिए और इसकी श्रेष्ठताओं एवं कमियों पर प्रकाश डालिए ।

Explain the ecosystem approach to environmental management and highlight its advantages and disadvantages. *15*

(c) उष्णकटिबन्धीय वर्षा-प्रचुर वनों के निम्नीकरण के कारणों की विवेचना कीजिए और उनके रोकथाम, संरक्षण और विकास के लिए उपचारात्मक उपाय सुझाइए ।

Discuss the causes of degradation of tropical rainforests and suggest remedial measures for their prevention, conservation and development. *15*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "भूगोल मज़बूत यूरोकेंद्रीयता, जिसको केवल हाल ही में चुनौती दी गई है, वाला एक सुविरोधित और बहु-रूपावलीय विषय है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Geography is a contested and multiparadigmic discipline with a strong eurocentricity that has only recently been challenged." Comment. *10*

(b) "स्वच्छन्द उद्योगों" के संदर्भ में औद्योगिक स्थान-निर्धारण के एक कारक के रूप में, परिवहन लागतों के महत्त्व की मात्रा (डिग्री) की विवेचना कीजिए ।

Discuss the degree of importance of transportation costs as a factor of industrial location with respect to "footloose industries". *10*

(c) नगरों की संवृद्धि के संदर्भ में, "बृहत्‌नगर (मेगालोपोलिस)" और "बहिर्नगर (एक्सोपोलिस)" की संकल्पनाओं की यह बताते हुए व्याख्या कीजिए कि क्या ये दोनों अतिव्यापन कर सकते हैं और करते भी हैं ।

Explain the concepts of "megalopolis" and "exopolis" with regard to the growth of cities indicating whether the two can and do overlap. *10*

(d) आर्थिक संवृद्धि और प्रादेशिक विकास की पेरू की अभिधारणा में "अग्रगामी एवं पश्चगामी (फॉरवर्ड एण्ड बैकवर्ड) अनुबंधनों" पर एक टिप्पणी लिखिए ।

Write a note on "forward and backward linkages" in Perroux's thesis of economic growth and regional development. *10*

(e) रोस्टोव द्वारा अपनी 'संवृद्धि की बहुस्तरीय थियोरी' में वर्णित "व्यापक उपभोग के युग" की संक्षेप में रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Outline briefly the "age of mass consumption" as described by Rostow in his 'multi-stage theory of growth'. *10*

**Q6.** (a) " 'प्रदेशों' और 'प्रादेशिक भूगोल' के अध्ययन हेतु क्षेत्रीय विभेदन ने सैद्धांतिक प्रामाणिकता उपलब्ध की है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Areal differentiation has provided the theoretical justification for studying 'regions' and 'regional geography'." Comment. *20*

(b) एशिया और यूरोप से उदाहरण देते हुए, उन परिस्थितियों पर टिप्पणी कीजिए, जिनके अन्तर्गत जनवृद्धिकारक जनसंख्या नीतियाँ पेश की गई हैं । इन नीतियों के महिलाओं की कार्यबल सहभागिता पर क्या प्रभाव हो सकते हैं ?

Citing examples from Asia and Europe, comment upon the contexts within which pronatalist population policies are advanced. What could be the implications of these policies on women's workforce participation ? *15*

Prepp
Your Personal Exams Guide

(c) सामाजिक कल्याण भूगोलों में 'कल्याण' को मुख्य केंद्रबिंदु के रूप में रेखांकित करने में डी.एम. स्मिथ के योगदानों पर टिप्पणी कीजिए ।

Comment upon the contributions of D.M. Smith in outlining 'welfare' as a key focus in the geographies of social well-being. *15*

**Q7.** (a) "भुखमरी एक ऐसी सामाजिक परिघटना है, जिसकी जड़ें ऐसी संस्थागत एवं राजनीतिक आर्थिक व्यवस्थाओं में होती हैं, जो विभिन्न वर्गों एवं सामाजिक स्तरों (स्ट्रेटा) तक आहार की पहुँच को निर्धारित करती हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Famine is a social phenomena rooted in institutional and political economic arrangements, which determine access to food by different classes and strata." Comment *20*

(b) 1970 के दशक में उभरे मानवतावादी भूगोल में, यी-फु तुआन और रेल्फ के द्वारा प्रतिपादित "स्थान की चेतना (सेन्स ऑफ प्लेस)" से सम्बन्धित विचारों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Provide a brief outline of ideas related to "sense of place" as propounded by Yi-Fu Tuan and Relph in the humanistic geography that emerged in the 1970's. *15*

(c) 1970 के दशक से मार्क्सवादी भूगोलवेत्ताओं द्वारा निवेदित प्रमुख विषयों को रेखांकित करते हुए, भौगोलिक अनुसंधान पर मार्क्सवादी दर्शन के प्रभाव को सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

Elaborate upon the influence of Marxist philosophy on geographical research, outlining key themes addressed by Marxist geographers since the 1970's. *15*

**Q8.** (a) "कल्याणपरक भूगोल स्थानिक असमता और प्रादेशिक न्याय पर बल देता है ।" मुख्य धारणाओं एवं उपविषय की परिधि के उल्लेख के साथ टिप्पणी कीजिए ।

"Welfare geography emphasizes spatial inequality and territorial justice." Comment with reference to the main ideas and scope of the subfield. *20*

(b) उस प्रक्रिया की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए, जिसने मात्रात्मक क्रांति ने भूगोल में मॉडलों और मॉडलिंग (प्रतिरूपण) के लिए सुव्यवस्थित आधार प्रदान किया था ।

Discuss critically the manner in which quantitative revolution provided the methodological foundation for models and modelling in geography. *15*

(c) "संवृद्धि की सीमाएँ" (1972) में मुख्य स्थापना की संक्षिप्त विवेचना कीजिए और उसकी समीक्षा भी प्रस्तुत कीजिए ।

Discuss in brief the main thesis in "Limits to Growth" (1972) and also provide a critique of the same. *15*